दिनांकः 22.02.2025 समय : 18.30 पीएम

आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार

- मदन राठौड़ दोबारा भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष–चुनाव प्रभारी विजय रुपाणी ने जयपुर में उनके नाम की घोषणा की।
- केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा–विकसित भारत का संकल्प विकसित खेती के बिना पूरा नहीं किया जा सकता।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का **''मन की बात''** मासिक कार्यक्रम कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क से प्रसारित होगा।
- राजस्थान सहकारी बोर्ड 449 विभिन्न पदों पर भर्ती के लिए अगले दो महीनों में ऑनलाइन परीक्षा लेगा।

000

मदन राठौड़ दोबारा भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बन गए हैं। चुनाव प्रभारी विजय रुपाणी ने आज जयपुर में भाजपा मुख्यालय में उनके नाम की घोषणा की। इसके साथ ही 25 राष्ट्रीय परिषद सदस्यों का भी ऐलान किया गया। इनमें पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया, पूर्व मंत्री राजेन्द्र राठौड़ सहित अन्य नाम शामिल हैं। ये सदस्य राष्ट्रीय अध्यक्ष की चुनाव प्रक्रिया में शामिल होंगे। राज्यसभा सांसद मदन राठौड़ को सात महीने में दूसरी बार प्रदेश भाजपा की कमान सौंपी गई है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत प्रदेश प्रभारी राधामोहन दास अग्रवाल और पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सहित कई नेताओं की मौजूदगी में आज उनके नाम की घोषणा की गई। इस अवसर पर श्री रुपाणी ने कहा कि श्री राठौड़ के नेतृत्व में संगठन को नई दिशा मिलेगी।

-------------------

इस मौके पर श्री राठौड़ ने कहा कि वे पूरे समर्पण के साथ पार्टी की विचारधारा और संगठन को मजबूत बनाने का काम करते रहेंगे।

-----------------

000

राज्य विधानसभा में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष सहित छह विधायकों के निलम्बन मामले के विरोध में आज जयपुर में प्रदर्शन किया गया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने इस दौरान नारेबाजी कर विधायकों का निलम्बन समाप्त करने की मांग की। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कल सदन की कार्यवाही के दौरान विपक्षी कांग्रेस विधायकों के वैल के पास आने और लगातार हंगामा जारी रखने के बाद छह विधायकों को बजट सत्र की शेष अवधि के लिए निलम्बित कर दिया था।

000

केन्द्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि खेती देश की अर्थव्यवस्था का आधार है। विकसित भारत का संकल्प विकसित खेती के बिना पूरा नहीं किया जा सकता। श्री सिंह आज नई दिल्ली में पूसा कृषि विज्ञान मेले के उद्घाटन समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों को आगे बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। इसी कड़ी में किसान मेले का आयोजन किया गया है।

-----------------------

कृषि मेले में भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान की ओर से विकसित बीजों की आधुनिक किस्मों और प्रौद्योगिकियों का प्रदर्शन किया जा रहा है। केन्द्रीय मंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 24 फरवरी को किसान सम्मान निधि योजना की 19वीं किस्त जारी करेंगे। उन्होंने बताया कि इससे देशभर के 9

करोड़ 80 लाख से ज्यादा किसानों के बैंक खातों में 22 हजार करोड़ रुपये से अधिक की सहायता मिलेगी।

000

दौसा जिले के शालावास जेल में सर्च ऑपरेशन चलाया गया। इसके तहत मोबाइल फोन जब्त किया गया। इसी फोन से जयपुर पुलिस कंट्रोल रूम में फोन कर धमकी दी गई थी। गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढम ने आज जयपुर में मीडिया से बातचीत में कहा कि इस मामले की जांच की जा रही है और दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा।

-----------------

जिला कलेक्टर देवेन्द्र कुमार ने बताया कि जेल में मोबाइल मिलने के बाद पापड़दा थाने में मुकदमा दर्ज करवाया गया है।

000

खबरें महाकुंभ से –

---------------

महाशिव रात्रि के अवसर पर 26 फरवरी को भारी संख्या में श्रद्धालुओं की आवक को देखते हुए प्रयागराज में बड़े पैमाने पर तैयारियां सुनिश्चित की जा रही हैं। इस दौरान किसी भी आपातकालीन चिकित्सा स्थिति से निपटने के लिए अस्पतालों में ट्रोमा केयर और वेंटिलेटर की सुविधाएं चौबीसों घंटे उपलब्ध रहेंगी। इसके अलावा आधुनिक उपकरणों के साथ मॉनिटरिंग सिस्टम औ आपातकालीन चिकित्सकों का दल भी सजग रहेगा।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल आकाशवाणी के **''मन की बात''** कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। ये कार्यक्रम कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी और दूरदर्शन पर होगा। हर महीने प्रसारित होने वाले इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री विभिन्न पहलुओं पर अपने विचार बताते हैं और क्षेत्र विशेष में विशिष्ट उपलब्धि हासिल करने वाले लोगों और समुदायों का भी जिक्र करते हैं। इसके साथ ही प्रधानमंत्री देशवासियों को सकारात्मक बदलाव लाने और राष्ट्र निर्माण में योगदान देने के लिए प्रेरित करते हैं। इस बार मन की बात कार्यक्रम की 119वीं कड़ी होगी। यह कार्यक्रमएआईआर न्यूज वेबसाइट और न्यूज ऑन एयर, मोबाईल एप पर भी सुना जा सकता है। साथ ही ये ए आई आर न्यूज, डीडी न्यूज, पीएमओ और सूचना प्रसारण मंत्रालय के यू ट्यूब चैनलों पर भी उपलब्ध रहेगा।

000

राजस्थान सहकारी बोर्ड ने विभिन्न पदों के लिए होने वाली भर्ती परीक्षाओं की तारीखों की घोषणा कर दी है। ये परीक्षाएं मार्च और अप्रेल महीने में ऑनलाइन होंगी। सहकारिता विभाग की प्रमुख शासन सचिव मंजू राजपाल ने बताया कि इन परीक्षाओं के जरिए राजफैड, अपैक्स बैंक और केन्द्रीय सहकारी बैंकों में 449 पदों को भरा जाएगा। उन्होंने बताया कि इसमें जूनियर असिस्टेंट, अकाउंट्स ऑफिसर, एनिमल न्यट्रिशन ऑफिसर, प्रोग्रामर, असिस्टेंट मैनेजर और ऑपरेटर के पदों पर भर्ती के लिए 26 मार्च को परीक्षा होगी। वहीं जूनियर अकाउंटेंट, असिस्टेंट मैनेजर, इन्फोर्मेटिक असिस्टेंट और फिटर पदों के लिए 27 मार्च को परीक्षा ली जाएगी। इसी तरह, बैंकिंग असिस्टेंट पद के लिए भर्ती परीक्षा 1 अप्रेल, मैनेजर के लिए 5 अप्रेल और सीनियर मैनेजर तथा कम्प्यूटर प्रोग्रामर के लिए 13 अप्रेल को परीक्षा आयोजित होगी।

000

राजस्थान पुलिस अकादमी का पदक वितरण समारोह आज आयोजित हुआ। एडीजी और आरपीए के निदेशक एस. सेंगाथिर ने 15 पुलिसकार्मिकों को सराहनीय सेवाओं के लिए डीजीपी डिस्क, 15 पुलिसकर्मियों को अति उत्कृष्ट और 9 को उत्कृष्ट सेवा चिह्न पदक से सम्मानित किया। इस अवसर पर श्री सेंगाथिर ने कहा कि निष्ठा और समर्पण के साथ काम करने वालों को पहचान देने के लिए ये पुरस्कार दिये गये हैं। उन्होंने कहा कि सभी पुरस्कार विजेताओं ने अपनी कर्तव्य परायणता और प्रतिभा का परिचय दिया है। श्री सेंगाथिर ने सभी पुलिसकर्मियों से समाज में पीड़ित और कमजोर वर्गों के लिए काम करने का आह्वान किया।

000

राज्य बजट में हर साल प्रदेश में दस करोड़ पौधे लगाने की घोषणा के बाद पाली जिले की नर्सरियों में विभिन्न प्रजातियों के पौधे तैयार किये जा रहे हैं। जिला वन अधिकारी पी.एल. बालामुरुगन ने बताया कि सेवाड़ी, गुंदोज़, रोहट, सादड़ी और सोजत की नर्सरियों में ये पौधे तैयार किये जा रहे हैं।

-----------------

झालावाड़ में नि–क्षय शिविर का आयोजन किया गया। ये शिविर बकानी क्षेत्र के घाटोली और गुलखेड़ी गांवों में लगाए गए। इस दौरान करीब सवा दो सौ व्यक्तियों की स्क्रीनिंग की गई। इनमें से 39 में टीबी संक्रमण की आशंका को देखते हुए उन्हें सुनेल के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भेजा गया। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. मुकेश बंसल ने बताया कि शिविर के दौरान लोगों को टीबी रोग के प्रति जागरुक किया गया। उन्होंने बताया कि निक्षय मित्र योजना के तहत दो सौ मरीजों को पोषण सहायता भी दी गई है।

000